# बेटियां ईश्वर का वरदान हैं बेटी गीत लिरिक्स

बेटियां ईश्वर का वरदान हैं,

जो कोख में अपनी बेटी को मरवाते,
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते,
बेटियाँ ममता की पहचान हैं,
बेटियाँ ईश्वर का वरदान हैं।bd।

तर्ज – मिलना हमें तुमसे।

---

किस्मत वालों के घर,
कन्या जनम लेती,
बेटी बहन पत्नी,
कन्या ही माँ बनती,
अपने हाथों कन्या,
जो दान ना कराते,
जीते जी तड़पते हैं,
कभी सुख नहीं पाते,
बेटियाँ ममता की पहचान हैं,
बेटियाँ ईश्वर का वरदान हैं।bd।

---

बेटी अगर ना हो,
क्या करेगा फिर भाई,
रक्षा बंधन के दिन,
रहे सूनी कलाई,
भगवन भी पत्नी बिन,
सृष्टि ना चलाते,
जीते जी तड़पते हैं,
कभी सुख नहीं पाते,
बेटियाँ ममता की पहचान हैं,
बेटियाँ ईश्वर का वरदान हैं।bd।

---

माँ बाप भगवन हैं,
बेटी भी है ईश्वर,
जो इनको ना माने,
इंसान नहीं पत्थर,
बेटी के कारण ही,
दो कुल हैं तर जाते,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जीते जी तड़पते हैं,
कभी सुख नहीं पाते,
बेटियाँ ममता की पहचान हैं,
बेटियाँ ईश्वर का वरदान हैं।bd।

---

दुनिया में करम अच्छा,
बस एक कमा लेना,
आशीर्वाद पाओ,
बेटी को बचा लेना,
तप त्याग कीर्ति यश,
सब इसमें मिल जाते,
जीते जी तड़पते हैं,
कभी सुख नहीं पाते,
बेटियाँ ममता की पहचान हैं,
बेटियाँ ईश्वर का वरदान हैं।bd।

---

जो कोख में अपनी बेटी को मरवाते,
जीते जी तड़पते हैं कभी सुख नहीं पाते,
बेटियाँ ममता की पहचान हैं,
बेटियां ईश्वर का वरदान हैं,
बेटियाँ ईश्वर का वरदान हैं।bd।

**Singer – Divya Aggarwal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com